





# विदाई पर छलका जनता का प्यार

## कई वर्षों से तरस रहे कंठों की बुझाई थी प्यास, विदाई में जनता ने निकाला चलसमारोह

**नवभारत न्यूज**

**कसरावद, निप्र ।** नगर परिषद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी कमलेश गोले का करही स्थानांतरण होने पर बुधवार को हरसिद्धिधाम कॉलोनी के रहवासियों ने एक मिसाल पेश की। शासकीय अधिकारियों की विदाई तो अक्सर दफ्तरों में होती है, लेकिन कसरावद में जनता ने खुद सड़क पर उतरकर जनप्रिय सीएमओ को जुलूस के रूप में ससम्मान विदाई दी। यह सम्मान उन्हें कॉलोनी की बरसों पुरानी नर्मदा जल की समस्या को महज 8 दिनों में दूर करने के लिए दिया गया।



**खुद मौके पर खड़े रहे, तब जाकर पहुंचा नर्मदा जलः-** अखिल भारतीय बलाई महासभा के जिला अध्यक्ष रविन्द्र भालसे ने बताया कि हरसिद्धिधाम कॉलोनी में शुरुआत से ही लोग नर्मदा जल के लिए परेशान थे। इसके लिए कई बार आवेदन, ज्ञापन और सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत की गए, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। दिनांक 25 मई को कॉलोनी के लोग जब सीएमओ कमलेश गोले से मिले, तो उन्होंने समस्या को गंभीरता से लिया। श्री गोले ने दफ्तर में बैठने के बजाय खुद मौके पर खड़े रहकर पाइपलाइन और नल-जल योजना का कार्य करवाया। नतीजा यह हुआ कि जो काम सालों से नहीं हुआ था, वह मात्र 8 दिन में पूरा हो गया और कॉलोनी में नर्मदा मैया का जल पहुंच गया। वर्तमान में पानी के प्रेशर का आंशिक इश्यू है, जिसे नगर परिषद की टीम जल्द हल कर रही है। विदाई ऐसी कि विरली ही देखने को मिले अमूमन ट्रांसफर होने पर अधिकारी चुपचाप रिलीव हो जाते हैं, लेकिन सीएमओ गोले के लिए बुधवार को पूरी कॉलोनी उमड़ पड़ी। रहवासियों ने पहले उनका जोरदार स्वागत किया, फिर ढोल-धमाकों के साथ पूरी कॉलोनी में जुलूस निकालकर उन्हें विदाई दी। लोगों का कहना था कि ऐसे कर्मठ अधिकारी बहुत कम मिलते हैं। ये रहे उपस्थित इस विदाई और सम्मान समारोह के दौरान कॉलोनी के वरिष्ठ नागरिक हेमेंद्र सिंह ठाकुर, मनोहर सांवले, किशोर गांगले, कमल पटेल, प्रेमलाल बागदरे, दीपक सोलंकी, आशीष जोशी, अजय कर्मा, आशीष सोहनी,अंकुश जैन, अभिषेक शुक्ला, अभिषेक अत्रे, अजय कसेरा, अतुल सक्सेना, राधेश्याम चौहान, किशोर गांगले, अनिल भालसे, मोहन राठौर, शिशुपालसिंह चौहान ,महेश पीपलदे, दिनेश सिसौदिया, चेतन एक्कल, संतोष चौहान, जयेश चौहान नितिन वर्मा, शिव सर सहित बड़ी संख्या में कॉलोनी की मातृशक्ति और रहवासी मौजूद रहे। सभी ने भावुक मन से सीएमओ गोले के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## मंडलेश्वर में प्राचीन बाराद्वारी मंदिर में होगी रामकथा

**मंडलेश्वर, निप्र ।** प्राचीन महिष्मति इंदौर राजमार्ग पर स्थित ऐतिहासिक बारहद्वारी मंदिर में भव्य रामकथा का आयोजन 20 जुलाई से प्रारम्भ होगा। मंदिर से जुड़े सेवादार विरेन्द्र पाटीदार ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि राम कथा नौ दिन तक चलेगी मंडलेश्वर जूना श्रीराम मंदिर के कथावाचक पंडित पंकज मेहता व्यासपीठ पर विराजित होकर राम रस का पान कराएंगे ।रामकथा 29 जुलाई को पूर्णाहुति के साथ सम्पन्न होगी। राम कथा को लेकर मंदिर से जुड़े भक्त गणों कि एक बैठक बाराद्वारी मंदिर में सम्पन्न हुई जिसमे सर्वानुमति से इस धार्मिक आयोजन को करने हेतु निर्णय लिया गया। इसके बाद भक्त गण हुकूमचंद पाटीदार राधेश्याम पटेल लखन यादव सूजल मुकाती मंदिर के पुजारी प्रफुल जोशी सहित मंदिर समिति के सदस्य जूना राम मंदिर पहुंचे और कथा वाचक पंडित पंकज मेहता को राम कथा में व्यास पीठ पर विराजित होने का न्योता दिया।

# सनावद में भक्तिभाव से रचाया गया श्रुत स्कंध मंडल विधान





**सनावद, निप्र ।** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर, सनावद में गुरुवार, 18 जून को जैन जगत की सर्वोच्च साध्वी आर्यिका ज्ञानमति माता जी के द्वारा रचित श्रुत स्कंध मंडल विधान बड़े ही भक्तिभाव एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। मीडिया प्रभारी सन्मति जैन 'काका' ने बताया कि प्रातः श्री जी के अभिषेक के साथ विधान का मंगल शुभारंभ हुआ। मंत्रोच्चार के साथ विधान पर 65 अर्ध्य समर्पित कर अष्ट द्रव्यों से 24 तीर्थंकर भगवान एवं श्रुत देवी मां जिनवाणी का पूजन-अर्चन किया गया। जैसा की ज्ञात हो की श्रुत ही ज्ञान का मूल स्रोत है। श्रुत स्कंध मंडल विधान के पुण्य से अज्ञान का नाश होता है और सम्यग्ज्ञान की प्राप्ति होती है। सभी श्रावकों ने जिनवाणी के प्रचार-प्रसार एवं स्वाध्याय का संकल्प लिया। इस अवसर पर सुनील मास्टर साब, हेमू जैन, सुरेश मुंशी, सुनील पावणा, अक्षय सराफ, गौतम जैन, संध्या जैन, राजकुमारी जैन, अंजू पाटनी, सरोज बाई जैन, सुबोध जैन, गरिमा जैन, मोहिनी जैन, मीना जटाले, साधना जैन, सरला जैन, सुनीता जैनउपस्थित थे। आज19जून को निकलेगी पालकी यात्रा। आज श्रुत पंचमी पर्व के अवसर पर प्रातः काल श्री पार्श्व नाथ दिगम्बर जाएं बड़ा मंदिर से मां जिनवाणी की पालकी यात्रा नगर के मुख्य मार्गो से निकाली जायेगी।



## एक नजर में

### गुरु अर्जुनदेवजी के शहीदी दिवस पर छबील सेवा का किया आयोजन



**भीकनगांव, निप्र ।** श्री गुरु अर्जुन देव जी के पावन शहीदी दिवस के अवसर पर गुरुवार को बस स्टैंड, भीकनगांव में श्रद्धा और सेवा भाव के साथ शर्बत (छबील) वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर राहगीरों, यात्रियों एवं स्थानीय नागरिकों को शीतल शर्बत वितरित कर गुरु साहिब की शिक्षाओं का स्मरण किया गया। कार्यक्रम में बबल सलूजा, राजू सलूजा, रिंकू सलूजा, तेजपाल सलूजा, बिट्टू ठाकुर, मनोज अग्रवाल, विक्की श्रीवास, मयंक वर्मा, गिरीश गंगराड़े सहित समस्त सलूजा परिवार तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तजन उपस्थित रहे। सभी ने सेवा भाव से लोगों को शर्बत वितरित किया और गुरु अर्जुन देव जी के बलिदान, त्याग एवं मानवता की सेवा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया।

### जपियो जिन अर्जन देव गुरु, फिर संकट जोन गर्भ न आयो..

**खरगोन, निप्र ।** सिख धर्म के पांचवें गुरु शहीदों के सरताज गुरू अर्जुन देव का शहीदी पर्व सिक्ख समाजजनों ने गुरु भक्ति में लीन होकर मनाया। श्री गुरुसिंघ सभा के प्रधान हरचरण सिंह भाटिया, सेकेट्री कमलजीत सिंह गांधी ने बताया कि सुबह गुरुद्वारा साहिब में पिछले 15 दिनों से स्त्री सत्संग जत्थे द्वारा चल रहे सुखमनी साहिब के पाठों का समापन हुआ। कीर्तन दरबार में ज्ञानी पवन सिंह की गुरबाणी एवं शबदगान की बहती रसधारा को श्रवण कर संगत गुरू भक्ति में लीन हो गई ।सभा के लंगर सेवा प्रमुख जसबीर सिंह भाटिया एवं खजांची गुरुभजन सिंह भाटिया ने बताया की कीर्तन समागम के बाद गुरू के अटूट लंगर का आयोजन हुआ। शहर के गणमान्य नागरिकों एवं समाजजनों ने एक संगत एक पंगत के रूप में गुरु प्रसादी ग्रहण की। बस स्टैंड परिसर में छबिल लगाकर राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाया गया। इस दौरान सनी भाटिया, सोनू भाटिया, अमरजीत सिंह भाटिया, गुरदीप सिंह भाटिया, मंटू भाटिया, अमरजीत सिंह छाबड़ा, बलबीर सिंह, राजवीर सिंह, अमन भाटिया का विशेष सहयोग रहा।

### सिक्खों के पांचवे गुरु श्री गुरु अर्जन देव जी के शहादत दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**बड़वाह, निप्र ।** समिति अध्यक्ष सरदार सुरेंदर सिंह भाटिया ने बताया कि श्री गुरु अर्जन देव जी के शहादत दिवस पर आज बड़वाह की सिक्ख संगत के द्वारा बस स्टैंड रोड़ स्थित गुरुद्वारे में विशेष दिवान आयोजित किया गया,जिसमें सुबह समूह संगत के द्वारा श्री सुखमनी साहेब जी का पाठ किया गया,पश्चात भाई बुध सिंह जी एवं रिक्की सिंह के जत्थे द्वारा गुरु जी की उस्तत करते हुए कीर्तन किया गया। समिति के सचिवद्वय सरदार परविंदर सिंह एवम् सरदार गुलबीर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान पिछले 51 दिनों से गुरुद्वारा साहेब में नियमित रूप से श्री सुखमनी साहेब का पाठ करने वाली पांच महिलाओं को समिति के द्वारा सम्मानित भी किया गया मीडिया प्रभारी सरदार सतविंदर सिंह ने बताया कि लंगर के पश्चात पश्चात आमजन एवं संगत के लिए छबील मीठे शरबत की सेवा भी की गई। सेवा मे समिति सदस्यों के साथ साथ परमित सिंह, , रविंदर सिंह , जितेंदर सिंह, गुरशिश सिंह आदि संगत शामिल हुई।



### किसी दूसरों को कष्ट पहुंचाए बिना मदद करने में है सच्चा आनंद...



**खरगोन, निप्र ।** मध्यप्रदेश शासन के आनंद विभाग द्वारा 18 जून 2028 को गोगांवा विकासखंड के ग्राम सिगनुर में आयोजित आनंद अल्प विराम कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने अनुभव साझा करते हुए महसूस किया कि दूसरों को कष्ट पहुँचाए बिना की गई मदद से जीवन में सच्चा आनंद प्राप्त होता है। कार्यक्रम का उद्देश्य जीवन में सकारात्मकता, सहयोग और संतुलन को बढावा देना रहा। आनंद संस्थान के जिला समन्वयक के .बी . मंसारे ने अपने विचार रखते हुए कहा कि जीवन को एक महोत्सव की तरह जिए। अनावश्यक तनाव से दूर रहकर उपलब्ध संसाधनों में संतोष खोजें। उन्होंने भौतिक लालसाओं के कारण गैरकानूनी कृत्यों से बचने, कठिन परिश्रम को सम्मानजनक कार्यों में लगाने तथा परिवार में बालक-बालिकाओं को अनिवार्य रूप से शिक्षा दिलाने का संदेश दिया। इस अवसर पर शिक्षक गोपाल मोरे, राधेश्याम

# एक दिवसीय पंचायत स्तरीय मलेरिया कार्यशाला

**गोगावा, निप्र ।** समीपस्थ ग्राम दसनावल में,मलेरिया निरोधक माह जून के अंतर्गत खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ एहमद रजा खान के मार्गदर्शन में ग्राम दसनावल में एक दिवसीय पंचायत इस्तरिय मलेरिया कार्यशाला सम्पन्न हुई ।

आंगनवाड़ी केंद्र पर कार्यशाला में डॉ ओमप्रकाश मंडलोई ने बताया कि वर्षाकाल में मौसम अनुकूल रहने व पानी की सभी दूर अधिकता रहने से मच्छरों की तादात कई गुना बढ़ जाती हैं जिससे कि जानलेवा मलेरिया रोग के संक्रमण का खतरा बना रहता हैं इसलिए जागरूकता से ही मलेरिया का उन्मूलन सम्भव है । ब्लाक मलेरिया निरीक्षक अशोक कुशवाह ने बताया कि मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ता हर ग्राम में मलेरिया से बचाव हेतु टीम द्वारा समुदाय को जागरूक कर रहे है व आगामीन2027 तक हम मलेरिया का पूर्ण रूप से उन्मूलन करने हेतु संकल्पित है। सुपरवाइजर शिवराम यादव ने कार्यशाला में ग्राम को मलेरिया मुक्त करने की शपथ दिलाई , साथ हीं संगीता राठौड़ ( ANM ) ,माया पटेल ( आशा सुपरवाइजर ) ,अन्नू राठौड़, मैना राठौड,( आशा कार्यकर्ता ) व निर्मला टटवाडे (आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ) कि टीम द्वारा घर घर जाकर लार्वा सर्वे व जागरुकता संबंधित पम्पलेट बाटकर जागरूक किया। कार्यशाला में रानू यादव ( डि वर्कर ) निर्मला ,महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती माधुरी जायसवाल व अन्य महिला जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



# मंडलेश्वर की दीपाली पांडेय का डेंटल सर्जन के लिए किया चयन

**मंडलेश्वर, निप्र ।** पवित्र नगर मंडलेश्वर के वार्ड क्रमांक 10 के निवासी गजानंद राघोराम पाण्डेय की बेटी डॉ दीपाली पाण्डेय का चयन मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा के माध्यम से डेंटल सर्जन पद पद पर हुआ है। डॉ दीपाली के पिता गजानंद पाण्डेय उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग जिला बुरहानपुर खकनार में पदस्थ है। डॉ सुश्री दीपाली पाण्डेय ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता को देते हुए कहा की मैंने अपना लक्ष तय कर लिया था और उसी को प्राप्त करने के लिए कडी मेहनत की और सफलता हासिल की ।डॉ दीपाली की इस उपलब्धि पर नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे, उपाध्यक्ष ज्योति हरी गाड़गे, रमेश कानूड़े, नितिन पाण्डेय, पार्षद कमलेश भार्गव, एवं दुर्गेश राजदीप सहित शुभ चिंतको ने हर्ष व्यक्त किया है।



# बेदा नदी के जर्जर पुल से गुजर रहे लोडिंग

**कसरावदस, निप्र ।** ग्राम दोगांवा में बेदा नदी पर बना पुलिया पूरी तरह जर्जर हो चुका है। पुल के बीच में बड़ी दरार और सड़क धंसने से हर वक्त बड़े हादसे का अंदेशा बना हुआ है। यह कसरावद एवं सनावद को जोड़ने वाला रोड है। पुल की खतरनाक स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाई थी।

लोगों का आरोप है कि रात के अंधेरे में डंपर, ट्रक जैसे भारी वाहन बैरिकेड्स हटाकर निकल रहे हैं। कलेक्टर के आदेश की खुलेआम अवहेलना हो रही है। कुछ ग्रामीण पुल के पास खड़े होकर हालात देख रहे हैं। पुल के नीचे बेदा नदी का पाट सूखा है, लेकिन बारिश में जलस्तर बढ़ने पर स्थिति और भयावह हो जाएगी। दोगांवा समेत आसपास के 10 से ज्यादा गांवों के लिए यह पुल मुख्य संपर्क मार्ग है। स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों और किसानों को रोज इसी रास्ते से गुजरना पड़ता है। अगर पुलिया सतिग्रस्त होता है तो कम से कम 40 से 50 किलोमीटर का फेरा लगाकर कसरावद जाना पड़ेगा। ग्रामीणों ने मांग की है कि पुल की तुरंत मरम्मत शुरू कराई जाए और रात में पुलिस गश्त लगाकर भारी वाहनों पर पूरी तरह रोक लगाई जाए।



# शिक्षक हित पर वार नही, टीईटी की अनिवार्यता स्वीकार नही...

**खरगोन, निप्र ।** राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) द्वारा 23 अगस्त 2010 को जारी शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) संबंधी अधिसूचना और उच्चतम न्यायालय के 29 मई 2026 के निर्णय के परिप्रेक्ष्य में वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों में गहरी चिंता व्याप्त है।

टीईटी के मुद्दे को लेकर जिला प्रशासन से लेकर उच्च न्यायालय तक दौड़ लगा रहे शिक्षकों ने राहत न मिलते देख अब विधायी हस्तक्षेप की मांग को लेकर आवाज बुलंद की है। गुरुवार को मप्र शिक्षक संघ के बैनर तले बड़ी संख्या में शिक्षक एकजुट हुए। नवग्रह मंदिर परिसर में एकत्रित हुए शिक्षकों ने रैली निकाली। रैली के दौरान शिक्षक हित पर वार नही, टीईटी की अनिवार्यता स्वीकार नही..., अनुभव का मान करो, बार-बार परीक्षा बंद करो..., न्याय दो, अधिकार दो, सेवारत शिक्षकों को सम्मान दो..., जैसे स्लोगन लिखी तख्तियां लिए शिक्षकों ने अपनी नाराजगी दर्ज कराई। कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री मोहन यादव, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान तथा स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रतापसिंह के नाम ज्ञापन सौंपकर शिक्षकों के सेवाधिकारों के संरक्षण हेतु विधायी एवं नीतिगत हस्तक्षेप की मांग की है ।ज्ञापन का वाचन करते हुए जिलाध्यक्ष सुनील भावसार ने बताया 23 अगस्त 2010 से पूर्व हुई उनकी नियुक्तियां तत्कालीन नियमों के अनुरूप वैध थीं। निर्धारित पात्रता मानदंडों को लागू करना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है। संगठन ने तर्क दिया है कि न्यायपालिका विधि की व्याख्या करती है, जबकि नीतिगत समाधान उपलब्ध कराना संसद एवं सरकार के पास निहित है।

## जय आदिवासी युवा शक्ति संगठन की जिला कार्यकारिणी बैठक में लिए महत्वपूर्ण निर्णय

**खरगोन, निप्र ।** जय आदिवासी युवा शक्ति संगठन की जिला कार्यकारिणी की बैठक सब्जी मंडी पार्क में गुरुवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला संरक्षक सुभाष पटेल ने की। जिला कार्यकारणी बैठक में राजेंद्र सिंह पंवार प्रदेश कोषाध्यक्ष सहित ब्लॉक पदाधिकारी एवं जिला कार्यकारणी के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा कर संगठन को मजबूती प्रदान करने के आगामी सप्ताह से जिला पदाधिकारी प्रत्येक ब्लॉक कार्यकारिणी की बैठक लेने का निर्णय लिया गा। बैठक में जिला संयोजक जोगीराम बड़ोले, जिला प्रभारी शांतिलाल बड़ोले एवं जिला अध्यक्ष सचिन सिसोदिया, कार्यकारी जिला अध्यक्ष भावेश खरत की उपस्थिति में ब्लॉक कार्यकारणी की बैठकों के लिए टीम का गठन किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष मगन जाधव, मसतराम चौहान, शुभम मंडलोई, जितेंद्र बारिया, मुकेश बड़ोले आदि उपस्थित रहे।

## कृषि उपज मंडी में होगा जिला स्तरीय योग कल

**खरगोन, निप्र ।** 21 जून को आयोजित होने वाले 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को गरिमामय बनाने के उद्देश्य से जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र कुमार कानूडे की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सहायक संचालक शिक्षा विभाग सोनालिका आचले एवं सहायक संचालक जनजाति कार्य विभाग अनुराधा तोमर विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

नगर के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्य, प्राचार्य प्रतिनिधि, खेल शिक्षक तथा छात्रावास अधीक्षक सम्मिलित हुए। डीईओ ने निर्देशित किया कि 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को एक साथ, एक समय एवं एक संकेत पर रेडियो व टीवी प्रसारण के माध्यम से कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार मनाया जाएगा। इस मुख्य कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों और गणमान्य नागरिकों के साथ-साथ स्कूली एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं की सहभागिता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाएगी।

# खरगोन में महिला कांग्रेस ने रैली निकाल कर सौंपा ज्ञापन




**खरगोन, निप्र ।** केंद्र में जब से भाजपा की सरकार बनी है वह लगातार लोकतंत्र और संविधान के ऊपर हमला करती आ रही है अब तो केंद्र कि भाजपा सरकार और निर्वाचन आयोग मिलकर देश में लोकतंत्र का गला घोट रहे हैं और संविधान में बदलाव करना चाहते हैं। लगातार विपक्षी पार्टियों को तोड़ा जा रहा है उनके सांसद और विधायकों को लालच में या दबाव में भाजपा में शामिल कर लोकतांत्रिक मूल्यों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है।

उससे भी बड़ी बात यह है कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस की राज्यसभा उम्मीदवार कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सुश्री मीनाक्षी नटराजन का नामांकन केंद्र की भाजपा सरकार और निर्वाचन आयोग ने साजिश कर निरस्त कर दिया। उक्त आरोप प्रदेश महिला कांग्रेस के आह्वान पर जिले की महिला कांग्रेस पदाधिकारियों ने विरोध प्रदर्शन कर कलेक्टर कार्यालय खरगोन में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि एक तरफ भाजपा सरकार और उसके प्रधानमंत्री बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, लाडली बहना की दुहाई देते हैं दूसरी तरफ एक कर्मठ और ईमानदार महिला की का नामांकन निर्वाचन आयोग के साथ साजिश कर निरस्त करते हैं। सरकार और निर्वाचन आयोग का यह कदम पूरी तरह और अलोकतांत्रिक है महिला विरोधी है। महिला कांग्रेस ने ज्ञापन के माध्यम से मांग करते हुए कहा कि देश में लोकतंत्र की रक्षा की जाए। साजिश के तहत विपक्षी पार्टियों के उम्मीदवारों के इस प्रकार नामांकन निरस्त न हो। इस अवसर पर पार्षद अरुणा उपाध्याय, पार्षद श्रीमती लक्ष्मी मोरे, सरिता भावसार, सुभद्रा हिरवे, फरीदा खान, परवीन अब्बास, शहनाज खान, सलमा शेख, खुलशित,रजिया खान, शहजादी खान, सरिता अटोरे सहित बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस की पदाधिकारी मौजूद थी।

## एक नजर में | आमामी त्योहारों को लेकर जिला शांति समिति की बैठक

# मोहर्रम, गुरु पूर्णिमा और सावन में सुरक्षा व्यवस्थाओं पर विशेष फोकस

**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र ।** कलेक्टर भव्या मित्तल की अध्यक्षता में आगामी महीनों में जिले में मनाए जाने वाले विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक त्योहारों को शांति, सद्भाव और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से 18 जून 2026 को कलेक्ट्रेट सभागृह में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।



बैठक के प्रारंभ में अपर जिला दंडाधिकारी द्वारा उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक के उद्देश्यों से अवगत कराया गया। बैठक में मोहर्रम, गुरु पूर्णिमा तथा श्रावण मास के दौरान की जाने वाली व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। शांति समिति सदस्यों द्वारा सुझाव दिए गए कि त्योहारों से पूर्व प्रमुख मार्गों का पैचवर्क, बिजली के झूलते तारों की मरम्मत, पेयजल की नियमित आपूर्ति, नगर व नालियों की साफ-सफाई, पार्किंग की समुचित व्यवस्था तथा तेज गति से वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर सुश्री मित्तल द्वारा इन सभी सुझावों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में मोहर्रम पर्व के संबंध में निर्णय लिया गया कि जुलूस एवं अखाडों के लिए निर्धारित मार्गों का कडाई से पालन कराया जाएगा तथा डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। वहीं गुरु पूर्णिमा के अवसर पर इंद्रटेकडी क्षेत्र में लगने वाले मेले को देखते हुए साफ-सफाई, विद्युत, यातायात, पेयजल, शौचालय एवं सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश नगर पालिका व पुलिस विभाग को दिए गए।

श्रावण मास में निकलने वाली कांवड यात्राओं के दौरान कानून व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, सुरक्षा एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन और पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती के निर्देश दिए गए। कलेक्टर सुश्री मित्तल ने स्पष्ट किया कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए यह सुनिश्चित करें कि जिले में सभी पर्व शांति, अनुशासन और सौहार्द के वातावरण में संपन्न हों।